http://www.howtoexam.com

S-19

# हैदराबाद विश्वविद्यालय
# UNIVERSITY OF HYDERABAD
## प्रवेश परीक्षाएँ, जून २०१०
## ENTRANCE EXAMINATIONS, JUNE 2010
## एम०ए० हिन्दी एवं एम०ए० प्रयोजनमूलक हिन्दी (अनुवाद)
## M.A. HINDI & M.A. FUNCTIONAL HINDI(TRANSLATION)

**समय : २ घंटे**
**Time : 2 Hours**

**पूर्णांक : १००**
**Max. Marks : 100**

Hall Ticket No. ________________

---

### Instructions to the Candidate

1. The question paper consists of two parts viz. Part A and Part B.
2. Part A of objective type and has to be answered in the paper itself.

   Note : (a) **There is negative marking in this part.**
   **0.33 marks will be deducted for each wrong answer.**
   (b) **No mark will be deducted for an unanswered bit.**

3. Part B contains the questions of descriptive nature and has to be answered in the answer paper provided by the University only.
4. The question paper is to be fastened to the answer book.
5. All rough work, if any, has to be done in the answer book itself on last page of the book.

HowToExam.com



Entrance exam, Placement and university exam paper, Company jobs and notice

http://www.howtoexam.com

S-19

# हैदराबाद विश्वविद्यालय

## UNIVERSITY OF HYDERABAD

## एम०ए० हिन्दी एवं एम०ए० प्रयोजनमूलक हिन्दी, प्रवेश परीक्षा, जून २०१०

## M.A. Hindi & M.A. Functional Hindi, ENTRANCE EXAMINATION, JUNE 2010

### भाग - अ, वस्तुनिष्ठ प्रश्न

### PART - A, OBJECTIVE TYPE QUESTIONS

**Hall Ticket No.** ____________ **Max. Marks : 25**

---

सूचना : निम्नलिखित प्रश्नों में प्रत्येक प्रश्न के चार-चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें कोई एक सही उत्तर है. सही उत्तर-सूचक अक्षर को कोष्ठक में लिखिए:

(१) निम्नलिखित में से कौन कृष्णभक्ति शाखा के कवि नहीं हैं:- ( )
(क) रैदास (ख) परमानन्ददास (ग) नरोत्तमदास (घ) गोविन्द स्वामी

(२) आदिकाल को 'सिद्ध सामंत युग' किसने कहा है:- ( )
(क) हजारी प्रसाद द्विवेदी (ख) रामकुमार वर्मा
(ग) आचार्य शुक्ल (घ) राहुल सांकृत्यायन

(३) '*बीसल देव रासो*' के रचयिता कौन हैं:- ( )
(क) नरपति नाल्ह (ख) चन्दबरदाई (ग) जगनिक (घ) विद्यापति

(४) 'कठिन काव्य का प्रेत' किसे कहा गया है:- ( )
(क) रामदास (ख) केशवदास (ग) कबीरदास (घ) नाभादास

(५) ध्वनि सम्प्रदाय का प्रवर्तक कौन है:- ( )
(क) आचार्य आनन्दवर्धन (ख) भामह (ग) विश्वनाथ (घ) भरत मुनि

(६) '*नाट्यशास्त्र*' का रचयिता कौन है:- ( )
(क) क्षेमेन्द्र (ख) मम्मट (ग) भरत मुनि (घ) अभिनव गुप्त

(७) 'शोक' किस रस का स्थायी भाव है:- ( )
(क) भयानक रस (ख) रौद्र रस (ग) करुण रस (घ) वीर रस

(८) '*अंधा युग*' के रचनाकार हैं:- ( )
(क) मैथिलीशरण गुप्त (ख) धर्मवीर भारती
(ग) डा० धर्मवीर (घ) कुँवर नारायण



Entrance exam, Placement and university exam paper, Company jobs and notice

http://www.howtoexam.com



(९) 'च' का उच्चारण स्थान है:- ( )

(क) मूर्धा (ख) कंठ्य (ग) ओष्ठ्य (घ) तालु

(१०) निम्नलिखित में से कौन-सी पूर्वी हिन्दी की बोली है:- ( )

(क) अवधी (ख) ब्रज (ग) कन्नौजी (घ) हरियाणवी

(११) निम्नलिखित में से कौन 'समुद्र' का पर्याय है:- ( )

(क) निर्झर (ख) सरिता (ग) वारिद (घ) उदधि

(१२) 'वैर, क्रोध का अचार या मुरब्बा है' - किस का कथन है:- ( )

(क) सरदार पूर्ण सिंह (ख) गुलाबराय
(ग) आचार्य शुक्ल (घ) विवेकी राय

(१३) स्वर संधि का उदाहरण है:- ( )

(क) दशावतार (ख) रमेश (ग) इत्यादि (घ) पावक

(१४) अधिकरण कारक का चिह्न है:- ( )

(क) से (ख) में (ग) ने (घ) पर

(१५) 'माला तो कर में फिरै, जीभ फिरै मुँह माहि
मनवा तो चहुँ दिश फिरै, यह तौ सुमिरन नाहिं'
इस दोहे का उपदेश है:- ( )

(क) ईश्वर का ध्यान एकाग्रचित होकर करना चाहिए.
(ख) माला नहीं फेरना चाहिए.
(ग) ईश्वर का ध्यान नहीं करना चाहिए.
(घ) माला फेरते समय जीभ नहीं हिलानी चाहिए.

(१६) 'नाच न जानै आँगन टेढ़ा' का अर्थ है:- ( )

(क) टेढे आँगन में न नाचना
(ख) टेढे आँगन में नाचना
(ग) नाच नहीं जानना
(घ) अपनी अयोग्यता के लिए दूसरे को उत्तरदायी ठहराना

(१७) 'खेत रहना' का अर्थ है:- ( )

(क) मारा गया (ख) खेत में रहना
(ग) खेत में काम करना (घ) खेत में काम न करना



Entrance exam, Placement and university exam paper, Company jobs and notice

http://www.howtoexam.com



(१८) 'दशानन' किस समास का उदाहरण है:- ( )

(क) अव्ययीभाव समास (ख) द्विगु समास
(ग) बहुब्रीहि समास (घ) कर्मधारय समास

(१९) 'अथाह' का अर्थ है:- ( )

(क) जिसका आरंभ न हो (ख) जिसकी गहराई का पता न हो
(ग) जिसकी गहराई का पता लगाना सम्भव न हो (घ) जिसमें कोई गहराई न हो

(२०) '*मनु*' किस काव्य के पात्र हैं:- ( )

(क) कामायनी (ख) प्रिय प्रवास (ग) साकेत (घ) लोकायतन

(२१) '*नई कविता के प्रतिमान*' किसकी रचना है:- ( )

(क) जगदीश गुप्त (ख) लक्ष्मीकांत वर्मा (ग) नामवर सिंह (घ) नन्दकिशोर आचार्य

(२२) इनमें से कौन-सी कृति विश्वनाथ प्रसाद मिश्र की है:- ( )

(क) हिन्दी साहित्य का दूसरा इतिहास (ख) हिन्दी साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास
(ग) हिन्दी साहित्य का अतीत (घ) हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास

(२३) *मुंशी वंशीधर* किस कहानी का पात्र है:- ( )

(क) कफ़न (ख) दो बैलों की कथा (ग) पूस की रात (घ) नमक का दरोगा

(२४) 'निविदा सूचना' के लिए समतुल्य अंग्रेजी का शब्द है:- ( )

(क) Tender Notice (ख) Advertisement
(ग) Notice (घ) Circular

(२५) 'The application is recommended and forwarded' - इस अंग्रेजी वाक्य का हिन्दी अनुवाद है:- ( )

(क) आवेदन विचारार्थ प्रस्तुत है.
(ख) आवेदन विचारार्थ प्रेषित है.
(ग) आवेदन पर विचार किया जाएगा.
(घ) आवेदन संस्तुत और अग्रसारित किया जाता है.

**********



Entrance exam, Placement and university exam paper, Company jobs and notice

http://www.howtoexam.com

S-19

# भाग - ब, निबन्ध और टिप्पणी

## PART - B, ESSAY AND SHORT NOTES

**सूचना :** इस प्रश्न-पत्र के उत्तर विश्वविद्यालय द्वारा दी गई उत्तर पुस्तिका में लिखिए और इस प्रश्न-पत्र के साथ उसे संलग्न कीजिए.

प्रश्न १ रीतिमुक्त काव्यधारा की विशेषताओं का परिचय दीजिए. 20

अथवा

बीसवीं सदी की हिन्दी कहानी के प्रमुख आन्दोलनों पर प्रकाश डालिए.

अथवा

अनुवाद का अर्थ स्पष्ट करते हुए कार्यालयीन अनुवाद की समस्याओं पर सोदाहरण विचार कीजिए.

प्रश्न २ निम्नलिखित में से ***किसी एक*** विषय पर निबंध लिखिए: 20

(क) धर्मनिरपेक्षता का महत्व

(ख) महिला सशक्तीकरण

(ग) भूमण्डलीकरण और हिन्दी साहित्य

प्रश्न ३ निम्नलिखित विषयों में से ***किन्हीं दो*** पर टिप्पणी लिखिए: 2 x 10 = 20

(अ) सामासिक संस्कृति की अवधारणा

(ब) मेरी प्रिय पुस्तक

(स) हिन्दी की पत्र-पत्रिकाएँ

(ड) मध्ययुगीन हिन्दी कविता

(इ) संचार माध्यम और हिन्दी

प्रश्न ४ निम्नलिखित कवितांश का *भाव स्पष्ट* कीजिए: 15

तुम्हारी आँखों में नई आँखों के छोटे-छोटे दृश्य हैं,
तुम्हारे कंधों पर नए कंधों का
हल्का-सा दबाव है -
तुम्हारे होठों पर नई बोली की पहली चुप्पी है
और तुम्हारी उँगलियों के पास कुछ नए स्पर्श हैं
माँ, मेरी माँ
तुम कितनी बार स्वयं से ही उग आती हो
और माँ, मेरी जन्मकथा कितनी ताज़ी
और अभी-अभी की है!

*********



Entrance exam, Placement and university exam paper, Company jobs and notice